ई-मेल से

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वाराणसी वन प्रभाग, वाराणसी

पत्रांक- 1730 / 29-1 दिनांक, वाराणसी, अक्टूबर, 01 ,2019

सेवा में,

जनरल मैनेजर

ओबरा-सी बदायूँ ट्रान्समिसन लि0, बरेली।

विषय- 400 के0वी0 डी0सी0 जौनपुर-ओबरा ट्रान्समिसन लाइन के निर्माण के सम्बन्ध में।

(प्रस्ताव सं0-FP/UP/TRANS/40906/2019)।

सन्दर्भः- आपका पत्र दिनांक- 10.09.2019 को इस कार्यालय में 19.09.2019 को प्रेषित की गई है।

महोदय,

उक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विषयक प्रकरण से सम्बन्धित 05 प्रतियों में प्रस्ताव की प्रति इस कार्यालय में उपलब्ध कराई गई है।

आप द्वारा उपलब्ध करायें गये प्रस्ताव के परीक्षण से प्रस्ताव में काफी कमियाँ पाई गई है, प्रस्ताव अपूर्ण होने के कारण प्रस्ताव में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जाना सम्भव नही है। प्रस्ताव में निम्न कमियाँ/अभिलेख प्रेषित नहीं किये गये हैः-

1. प्रस्ताव में भाग-1,2,3,4 व 5 नहीं लगाया गया है।
2. याचक विभाग तथा वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्ताव में नहीं लगाया गया है।
3. प्रस्ताव में प्रभावित वन भूमि की Geo Refferenced Digital Map जो KML File में हो सी0डी0 सहित प्रेषित नहीं की गई है।
4. प्रभावित वन भूमि के दो गुने वन भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र का Geo Refferenced Digital Map जो KML File में प्रेषित की जाय।
5. प्रस्ताव में लगने वाले अभिलेखों की सूची प्रेषित की जा रही है। समस्त अपेक्षित अभिलेख प्रस्ताव में लगाया जाय।

विषयक प्रकरण से सम्बन्धित किसी भिज्ञ प्रतिनिधि को अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि विषयगत प्रस्ताव में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

**संलग्नक- चेक लिस्ट।**

भवदीय,

(महावीर कौजलगी)

प्रभागीय वनाधिकारी

वाराणसी वन प्रभाग, वाराणसी

पत्रांकः- 1730 /समदिनांकित ।

प्रतिलिपिः-

1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वन संरक्षक, वाराणसी वृत्त, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. जिलाधिकारी, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(महावीर कौजलगी)

प्रभागीय वनाधिकारी

वाराणसी वन प्रभाग, वाराणसी